**दिनांक - 05.07.2026** **समय : 7.10पीएम**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**आकाशवाणी,भोपाल**

**<u>सांध्यकालीन समाचार</u>**

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार:-

ऽ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शिवपुरी में डिफेन्स प्लांट का शिलान्यास किया।

ऽ वीबी जी राम जी अधिनियम के तहत राज्यों के लिये 25 हजार करोड़ की राशि जारी की गई।

ऽ मुख्यमंत्री मोहन यादव कल भोपाल के सतगढ़ी में स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क का भूमिपूजन करेंगे।

और

ऽ प्रदेशभर में मा◌ॅनसून हु□ सक्रीय, □ज कई जिलों में भारी बारिश की संभावना।

अब समाचार विस्तार से:-

डिफेंस म□ुफ□्चरिंग प्लांट- शिलान्यास

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकासमंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने □ज शिवपुरी में अदाणी समूह के लगभग 2,500 करोड़ रुपये की लागत वाले अत्याधुनिक डिफेंस म□ुफ□्चरिंग प्लांट का शिलान्यास किया। यह परियोजना औद्योगिक विकास के विजन को नई गति प्रदान करेगी। परियोजना के माध्यम से क्षेत्र के छोटे एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को रक्षा उत्पादन की सप्लाई चेन से जुड़ने का अवसर मिलेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश में निवेश का एक नया मार्ग खुला ह□डॉ.यादव ने कहा कि ...

बाइट-मुख्यमंत्री

कार्यक्रम में केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकासमंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में □ज यह शुभ शुरू□त हुई ह□उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे □धुनिक शस्त्र शिवपुरी में बनाए जाएंगे...

बाइट-ज्योतिरादित्य सिंधिया

प्रधानमंत्री- इंडोनेशिया यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल से शुरू होने वाली इंडोनेशिया यात्रा दोनों देशों के बीच मौजूदा संबंधों को मजबूती प्रदान करेगी और सहयोग के नए क्षेत्रों के द्वार खोलेगी। □ज जकार्ता में □काशवाणी को दिए एक साक्षात्कार में इंडोनेशिया में भारतीय राजदूत संदीप चक्रवर्ती ने कहा कि 6 से 8 जुलाई तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इंडोनेशिया यात्रा के दौरान भारत और इंडोनेशिया के बीच सहयोग के कई नए क्षेत्र खुलेंगे और इन दोनों बड़े देशों के बीच संबंधों में मजबूती और □र्थिक जुड़ाव में वृद्धि स्पष्ट रूप से दिखाई देगी।

वीबी-जी रामजी-अधिनियम

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चह□ान ने पहली जुलाई से वीबी-जी रामजी-अधिनियम 2025 सफलतापूर्वक लागू होने पर प्रसन्नता व्यक्त की ह□श्री सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस मिशन के अंतर्गत राज्यों के लिए 25 हजार करोड़ रुपये की मुख्य सहायता राशि जारी की। श्री चह□ान ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ग्रामीण विकास मंत्रियों के साथ वीबी-जी रामजी योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि □ज जारी की गई पहली किस्त का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना ह□कि राज्यों के पास पर्याप्त धनराशि हो ताकि मजदूरी का भुगतान 15 दिनों के भीतर किया जा सके। उन्होंने कहा कि मनरेगा को लागू होने में तीन साल से ज्यादा का समय लगा था, जबकि विकसित भारत जी राम जी को पूरे देश में सिर्फ एक दिन में लागू कर दिया गया।

स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल भोपाल के सतगढ़ी में विकसित किए जा रहे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क का भूमि-पूजन एवं शिलान्यास करेंगे। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर यह कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में 200 से अधिक प्रमुख उद्योगपति, निवेशक और उद्योग संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। लगभग 173 एकड़ क्षेत्र में विकसित होने वाला यह पार्क औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार का नया □धार बनेगा। परियोजना में □धुनिक औद्योगिक अधोसंरचना, उत्कृष्ट सड़क एवं परिवहन संपर्क, □ईटी एवं ए□ई □धारित सुविधाएं, लॉजिस्टिक्स एवं वेयरहाउसिंग कॉम्प्लेक्स तथा भविष्य की औद्योगिक □वश्यकताओं के अनुरूप स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जाएगा, जिससे निवेशकों को विश्वस्तरीय औद्योगिक वातावरण उपलब्ध हो सके।

मुख्य निर्वाचन □युक्त-प्रदेश दौरा

मुख्य निर्वाचन □युक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि मध्यप्रदेश ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एस□ई□र) एवं मतदाता सूची के परिशोधन का कार्य अत्यंत पारदर्शी, सुलभ और व्यवस्थित तरीके से संपन्न किया ह□□ज इंदौर में मुख्य निर्वाचन □युक्त ने संवाद के दौरान कहा कि भारत की चुनावी प्रक्रिया विश्व की सबसे पारदर्शी और विश्वसनीय प्रक्रियाओं में से एक ह□इसी पारदर्शिता और दक्षता के कारण भारत □ज विश्व के 35 प्रमुख लोकतांत्रिक देशों के संगठन इंटरनेशनल □इडिया की अध्यक्षता कर रहा ह□उन्होंने देशवासियों से □ह्वान किया कि वे राष्ट्र की उन्नति, समाज के विकास और मानवीय मूल्यों को सशक्त बनाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करें।

मुख्य निर्वाचन □युक्त ने □ज खंडवा जिला स्थित प्रसिद्ध तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में ज्योतिर्लिंग भगवान ओंकारेश्वर-ममलेश्वर के दर्शन किए। दर्शन के बाद मुख्य निर्वाचन □युक्त ने भावुक होकर बताया कि साल 2003 में देश के सभी 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन करने का संकल्प लिया था। लगभग 23 वर्षों की यह □ध्यात्मिक यात्रा ओंकारेश्वर में पूर्ण हुई।

एलएनजी- पाबंदियां

सरकार ने तरल प्राकृतिक गस□- एल एन जी की □पूर्ति से □पातकालीन पाबंदियां हटा ली हैं। यह निर्णय पश्चिम एशिया संघर्ष में युद्धविराम के बाद होर्मुज जल डमरू मध्य से प्राकृतिक गस□की □पूर्ति फिर शुरू होने के बाद किया गया ह□पेट्रोलियम और प्राकृतिक गस□मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा ह□कि प्राकृतिक गस□□पूर्ति नियमन □देश 2026 में संशोधन किया गया ह□

सरकार-मेटा

सरकार ने सोशल नेटवर्किंग साइट इंस्टाग्राम पर सशुल्क विज्ञापनों में बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री के प्रसार को लेकर मेटा को कड़ी चेतावनी जारी की ह□ □धिकारिक सूत्रों के अनुसार, सरकार ने इंस्टाग्राम को ऐसी विषय वस्तु को बढ़ावा देने और इसकी पहुंच को सुगम बनाने वाले सभी विज्ञापनों और सामग्री को बंद करने का □देश दिया ह□इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने मेटा से सात दिनों के भीतर विस्तृत स्पष्टीकरण मांगा ह□सरकार इस बात की समीक्षा कर रही ह□कि क्या प्लेटफॉर्म ने भारत के मध्यस्थ सुरक्षा दिशानिर्देशों का अनुपालन किया ह□

दिव्यांगजन योजना

मुख्यमंत्री दिव्यांगजन शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 31 अगस्त तक ऑनलाइन □वेदन □मंत्रित किये गए ह□सामाजिक न्याय, दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों को शिक्षा, तकनीक और गतिशीलता से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही ह□उन्होंने पात्र विद्यार्थियों से समय-सीमा के भीतर □वेदन करने तथा जिला अधिकारियों को योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

मौसम

प्रदेश में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो गया ह□मौसम विभाग ने □ज प्रदेश के कई हिस्सों में भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की ह□भोपाल, इंदौर, उज्जन□ और नर्मदापुरम संभाग में वर्षा का सबसे अधिक असर रहने का अनुमान ह□मौसम

विभाग के अनुसार 9 जिलों में अति भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया ह□ वहीं उज्ज□, इंदौर, सहित 20 जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई गई ह□

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

ऽ □ईसीसी महिला टी-20 क्रिकेट विश्व कप का फाइनल मुकाबला अब से कुछ देर बाद लॉर्ड्स में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच होगा।

ऽ इंदौर शहर को पीएम ई-बस सेवा योजना के अंतर्गत कुल 150 अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध कराई गई हैं। इनमें से पहले चरण में 10 बसों का संचालन ट्रायल के रूप में शुरू किया गया ह□

ऽ धार में खेल युवा कल्याण विभाग द्वारा मध्य प्रदेश राज्य तीरंदाजी अकादमी में प्रवेश हेतु तीरंदाजी के खिलाड़ियों का ट्रायल लिया गया। इसमें 23 खिलाड़ियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कर प्रतिभागिता की।

ऽ □गरमालवा जिला मुख्यालय स्थित सरकारी गोचर भूमि से लगभग 100 से अधिक झौपड़िया, कच्चे मकान तथा गुमटियों को बुलडोजर के माध्यम से हटाने की कार्रवाई की गई।

ऽ नर्मदापुरम जिले में नशे के खिलाफ कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के सभी स्कूलों और महाविद्यालयों में विशेष नशा विरोधी जागरूकता अभियान चलाया जाए।

ऽ इंदौर में जिला रोजगार कार्यालय द्वारा कलएक दिवसीय "युवा संगम" रोजगार मेले का □योजन किया जाएगा। मेले में प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा 250 से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी।

ऽ जबलपुर शहर में ऑपरेशन सेफ क्लिक 2.0 के तहत □ज सिविल लाइन थाना पुलिस ने साइबर जागरूकता कार्यक्रम □योजित किया।

..............................

दिनॉक–05.07.2026 समय : 7.10पीएम

**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**आकाशवाणी,भोपाल**

**सांध्यकालीन समाचार**

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शिवपुरी में डिफेन्स प्लांट का शिलान्यास किया।
- वीबी जी राम जी अधिनियम के तहत राज्यों के लिये 25 हजार करोड़ की राशि जारी की गई।
- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव कल भोपाल के सतगढ़ी में स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क का भूमिपूजन करेंगे।

**और**

- प्रदेशभर में मॉनसून हुआ सक्रीय, आज कई जिलों में भारी बारिश की संभावना।

**अब समाचार विस्तार से :–**

**डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग प्लांट– शिलान्यास**

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकासमंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज शिवपुरी में अदाणी समूह के लगभग

2,500 करोड़ रुपये की लागत वाले अत्याधुनिक डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का शिलान्यास किया। यह परियोजना औद्योगिक विकास के विजन को नई गति प्रदान करेगी। परियोजना के माध्यम से क्षेत्र के छोटे एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को रक्षा उत्पादन की सप्लाई चेन से जुड़ने का अवसर मिलेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश में निवेश का एक नया मार्ग खुला है। डॉ.यादव ने कहा कि ...

**बाइट—मुख्यमंत्री**

कार्यक्रम में केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकासमंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में आज यह शुभ शुरूआत हुई है। उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे आधुनिक शस्त्र शिवपुरी में बनाए जाएंगे...

**बाइट—ज्योतिरादित्य सिंधिया**

**प्रधानमंत्री— इंडोनेशिया यात्रा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल से शुरू होने वाली इंडोनेशिया यात्रा दोनों देशों के बीच मौजूदा संबंधों को मजबूती प्रदान करेगी और सहयोग के नए क्षेत्रों के द्वार खोलेगी। आज जकार्ता में आकाशवाणी को दिए एक साक्षात्कार में इंडोनेशिया में भारतीय राजदूत संदीप चक्रवर्ती ने कहा कि 6 से 8 जुलाई तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इंडोनेशिया यात्रा के दौरान भारत और इंडोनेशिया के बीच सहयोग के

कई नए क्षेत्र खुलेंगे और इन दोनों बड़े देशों के बीच संबंधों में मजबूती और आर्थिक जुड़ाव में वृद्धि स्पष्ट रूप से दिखाई देगी।

**वीबी–जी रामजी–अधिनियम**

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पहली जुलाई से वीबी–जी रामजी–अधिनियम 2025 सफलतापूर्वक लागू होने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। श्री सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस मिशन के अंतर्गत राज्यों के लिए 25 हजार करोड़ रुपये की मुख्य सहायता राशि जारी की। श्री चौहान ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ग्रामीण विकास मंत्रियों के साथ वीबी–जी रामजी योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि आज जारी की गई पहली किस्त का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि राज्यों के पास पर्याप्त धनराशि हो ताकि मजदूरी का भुगतान 15 दिनों के भीतर किया जा सके। उन्होंने कहा कि मनरेगा को लागू होने में तीन साल से ज्यादा का समय लगा था, जबकि विकसित भारत जी राम जी को पूरे देश में सिर्फ एक दिन में लागू कर दिया गया।

**स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल भोपाल के सतगढ़ी में विकसित किए जा रहे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क का भूमि–पूजन एवं शिलान्यास करेंगे। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती

पर यह कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में 200 से अधिक प्रमुख उद्योगपति, निवेशक और उद्योग संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। लगभग 173 एकड़ क्षेत्र में विकसित होने वाला यह पार्क औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार का नया आधार बनेगा। परियोजना में आधुनिक औद्योगिक अधोसंरचना, उत्कृष्ट सड़क एवं परिवहन संपर्क, आईटी एवं एआई आधारित सुविधाएं, लॉजिस्टिक्स एवं वेयरहाउसिंग कॉम्प्लेक्स तथा भविष्य की औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जाएगा, जिससे निवेशकों को विश्वस्तरीय औद्योगिक वातावरण उपलब्ध हो सके।

## मुख्य निर्वाचन आयुक्त–प्रदेश दौरा

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि मध्यप्रदेश ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) एवं मतदाता सूची के परिशोधन का कार्य अत्यंत पारदर्शी, सुलभ और व्यवस्थित तरीके से संपन्न किया है। आज इंदौर में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने संवाद के दौरान कहा कि भारत की चुनावी प्रक्रिया विश्व की सबसे पारदर्शी और विश्वसनीय प्रक्रियाओं में से एक है। इसी पारदर्शिता और दक्षता के कारण भारत आज विश्व के 35 प्रमुख लोकतांत्रिक देशों के संगठन इंटरनेशनल आइडिया की अध्यक्षता कर रहा है। उन्होंने देशवासियों से आह्वान किया कि वे राष्ट्र की उन्नति, समाज के विकास और मानवीय मूल्यों को सशक्त बनाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करें।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने आज खंडवा जिला स्थित प्रसिद्ध तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में ज्योतिर्लिंग भगवान ओंकारेश्वर–ममलेश्वर के दर्शन किए। दर्शन के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने भावुक होकर बताया कि साल 2003 में देश के सभी 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन करने का संकल्प लिया था। लगभग 23 वर्षों की यह आध्यात्मिक यात्रा ओंकारेश्वर में पूर्ण हुई।

## एलएनजी– पाबंदियां

सरकार ने तरल प्राकृतिक गैस – एल एन जी की आपूर्ति से आपातकालीन पाबंदियां हटा ली हैं। यह निर्णय पश्चिम एशिया संघर्ष में युद्धविराम के बाद होर्मुज जल डमरू मध्य से प्राकृतिक गैस की आपूर्ति फिर शुरू होने के बाद किया गया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा है कि प्राकृतिक गैस आपूर्ति नियमन आदेश 2026 में संशोधन किया गया है।

## सरकार–मेटा

सरकार ने सोशल नेटवर्किंग साइट इंस्टाग्राम पर सशुल्क विज्ञापनों में बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री के प्रसार को लेकर मेटा को कड़ी चेतावनी जारी की है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, सरकार ने इंस्टाग्राम को ऐसी विषय वस्तु को बढ़ावा देने और इसकी पहुंच को सुगम बनाने वाले सभी विज्ञापनों और सामग्री को बंद करने का आदेश दिया है। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी

मंत्रालय ने मेटा से सात दिनों के भीतर विस्तृत स्पष्टीकरण मांगा है। सरकार इस बात की समीक्षा कर रही है कि क्या प्लेटफॉर्म ने भारत के मध्यस्थ सुरक्षा दिशानिर्देशों का अनुपालन किया है।

## दिव्यांगजन योजना

मुख्यमंत्री दिव्यांगजन शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए 31 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए है। सामाजिक न्याय, दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों को शिक्षा, तकनीक और गतिशीलता से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने पात्र विद्यार्थियों से समय–सीमा के भीतर आवेदन करने तथा जिला अधिकारियों को योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## मौसम

प्रदेश में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के कई हिस्सों में भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और नर्मदापुरम संभाग में वर्षा का सबसे अधिक असर रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार 9 जिलों में अति भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया

है। वहीं उज्जैन, इंदौर, सहित 20 जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई गई है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में :–**

- आईसीसी महिला टी–20 क्रिकेट विश्व कप का फाइनल मुकाबला अब से कुछ देर बाद लॉर्ड्स में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच होगा।
- इंदौर शहर को पीएम ई–बस सेवा योजना के अंतर्गत कुल 150 अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध कराई गई हैं। इनमें से पहले चरण में 10 बसों का संचालन ट्रायल के रूप में शुरू किया गया है।
- धार में खेल युवा कल्याण विभाग द्वारा मध्य प्रदेश राज्य तीरंदाजी अकादमी में प्रवेश हेतु तीरंदाजी के खिलाड़ियों का ट्रायल लिया गया। इसमें 23 खिलाड़ियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कर प्रतिभागिता की।
- आगरमालवा जिला मुख्यालय स्थित सरकारी गोचर भूमि से लगभग 100 से अधिक झौपड़िया, कच्चे मकान तथा गुमटियों को बुलडोजर के माध्यम से हटाने की कार्रवाई की गई।
- नर्मदापुरम जिले में नशे के खिलाफ कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के सभी स्कूलों और महाविद्यालयों में विशेष नशा विरोधी जागरूकता अभियान चलाया जाए।
- इंदौर में जिला रोजगार कार्यालय द्वारा कलएक दिवसीय "युवा संगम" रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा 250 से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी।
- जबलपुर शहर में ऑपरेशन सेफ क्लिक 2.0 के तहत आज सिविल लाइन थाना पुलिस ने साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

..............................